# गौतमबुद्ध नगर में मेडिकल डिवाइस पार्क में निवेश करने वालों को छूट

लखनऊ, हिन्दुस्तान टीम। केंद्र सरकार ने मेडिकल डिवाइस पार्क के लिए विभिन्न राज्यों के बीच कड़ी प्रतिस्पर्धा के मद्देनज़र यूपी सरकार के प्रस्ताव को मंजूर कर लिया है। यह गौतमबुद्ध नगर के सेक्टर-28 यीडा में 350 एकड़ में बनेगा। इस पर 731 करोड़ रुपये से ज्यादा की लागत आएगी।

औद्योगिक विकास विभाग के अपर मुख्य सचिव अरविंद कुमार ने बताया कि केंद्र सरकार इस पार्क में सीएससी के लिए 100 करोड़ यूपी सरकार को देगी। इसके लिए 30 करोड़ यीडा को जारी कर दिए गए हैं। यीडा इस पार्क में 1000 वर्ग मीटर, 2100 वर्ग मीटर व 4000 वर्ग मीटर के कुल 136 भूखंड निवेशकों को आवंटित करेगी। इसके तहत कोई निवेशक 22 जून तक भूखंड निवेश मित्र पोर्टल के जरिए ले सकता है।

**मिलेंगे 12500 रोजगार:** यूपी सरकार ने मंगलवार को कैबिनेट के जरिए निवेशकों को दिए जाने वाले प्रोत्साहन व रियायतों को मंजूरी दी। केंद्र सरकार की शर्त में राज्य कैबिनेट की मंजूरी की यह बात शामिल है।

## नोएडा की तीन कंपनियों को विशेष रियायतें

कैबिनेट ने मंगलवार को 200 करोड़ रुपये से अधिक का निवेश करने वाली तीन कंपनियों को रियायतें देने संबंधी आईटी विभाग के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी। यह रियायतें उत्तर प्रदेश इलेक्ट्रानिक्स विनिर्माण नीति-2017 के आधार पर दी जाएंगी। इनमें प्रमुख रूप से हायर एप्लायेन्सेज इंडिया 1362.50 करोड़ रुपये का निवेश ग्रेटर नोएडा में कर रही है। इसमें 5000 लोगों को रोजगार मिलेगा। वहीं सनयोडा इलेक्ट्रानिक 210 करोड़ रुपये का निवेश नोएडा में कर रही है। इसमें 4500 को रोजगार मिलने का रास्ता साफ हो गया है। इसी तरह हालिटेक इंडिया 581.72 करोड़ का निवेश ग्रेटर नोएडा में कर रही है। इसमें 3000 लोगों को रोजगार मिलेगा। यह कंपनियां फ्रिज और एसी बनाती हैं।

## अयोध्या एयरपोर्ट के लिए जमीन मिल सकेगी

अयोध्या में हवाई पट्टी को एयरपोर्ट के रूप में विकसित करने के लिए माध्यमिक शिक्षा विभाग अपनी जमीन नागरिक उड्डयन विभाग को हस्तांतरित करेगा। कैबिनेट ने नागरिक उड्डयन विभाग के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी।

## अस्पताल बनाने व

सरकारी अस्पताल बनाने के लिए अब स्वास्थ्य विभाग भी जरूरत पड़ने पर जमीन खरीद सकेगा। इस प्रस्ताव को मंगलवार को राज्य मंत्रिपरिषद ने मंजूरी दे दी। अभी तक स्वास्थ्य विभाग के पास जमीन खरीदने के लिए कोई व्यवस्था नहीं

## टाइगर रिजर्व के संरक्षण को बनेगा फाउंडेशन

पीलीभीत टाइगर रिजर्व और उसके आसपास के क्षेत्र में जैव विविधता के संरक्षण के लिए पीलीभीत बाघ संरक्षण फाउंडेशन का गठन किया जाएगा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में मंगलवार को राज्य कैबिनेट ने इस प्रस्ताव को मंजूरी दे दी। फाउंडेशन के गठन सहित अन्य फैसले लेने के लिए मुख्यमंत्री को अधिकृत किया गया है। फाउण्डेशन स्वीकृत टाइगर कन्जर्वेशन प्लान के अनुसार विभिन्न स्टेक होल्डर के सहयोग से पीलीभीत टाइगर रिजर्व के प्रबंधन को बाघ एवं जैव विविधता संरक्षण के क्षेत्र में सहयोग प्रदान करेगा।